रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/95 REGISTERED No. DL—33001/95

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 38] नई दिल्ली, शनिवार, सितम्बर 23, 1995 (आश्विन 1, 1917)
No. 38] NEW DELHI, SATURDAY, SEPTEMBER 23, 1995 (ASVINA 1, 1917)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालयों द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	821
भाग I—खण्ड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	869
भाग I—खण्ड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असांविधिक आदेशों के संबंध में अधिसूचनाएं	15
भाग I—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के संबंध में अधिसूचनाएं	1225
भाग II—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II—खण्ड 1-क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के बिल तथा रिपोर्ट	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियम (जिसमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उप-विधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii) भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किए गए सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपलब्धियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	879
भाग III—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेन्टों और डिजाइनों से संबंधित अधिसूचनाएं और नोटिस	805
भाग III—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन प्रभुवा द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	—
भाग III—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं।	1801
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	133
भाग V—अंग्रेजी और हिन्दी बोलों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों को दर्शाने वाला असपूरक	*

*आंकड़े प्राप्त नहीं हुए ।

CONTENTS

	PAGE
PART I— SECTION 1 —Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	821
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	869
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	15
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	1225
PART II—SECTION 1—Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1-A—Authoritative texts in Hindi Language of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws, etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—SUB-SECTION (ii)— Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories).	*
PART II—SECTION 3—SUB SECTION (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	879
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	805
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1801
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	133
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received.

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

लोक सभा सचिवालय

(पी० यू० शाखा)

नई दिल्ली—110001, दिनांक 23 अगस्त, 1995

सं० 4/1—पी०यू०/95—श्री अयूब खां, लोक सभा सदस्य को श्री विलास मुत्तेमवार द्वारा समिति की सदस्यता से त्यागपत्र देने के फलस्वरूप रिक्त हुए स्थान पर 17 अगस्त, 1995 से सरकारी उपक्रमों संबंधी संमिति के शेष कार्यकाल के लिए समिति का सदस्य निर्वाचित किया गया है ।

श्रीमती परमजीत कौर संधू,
निदेशक

नई दिल्ली, दिनांक 14 अगस्त 1995

सं० 10/10 एम० एस० ए०/95—अध्यक्ष महोदय, संसद सदस्यों को सुविधाएं और परिलब्धियां प्रदान करने के सम्बन्ध में सुझाव देने सम्बन्धी संयुक्त समिति में श्री के० पी० उन्नीकृष्णन को श्री ए० आर० अंतूले के स्थान पर दिनांक 9 अगस्त, 1995 से सदस्य और सभापति के रूप में नियुक्त करते हैं ।

समिति और इसके सभापति को अन्य संसदीय समितियों के समान दर्जा और सुविधाएं मिलेंगी । इस समिति के मामले में अन्य संसदीय समितियों पर लागू होने वाले नियम ही यथापरिवर्तित रूप में लागू होंगे ।

गोविन्द आर० पटवर्धन
संयुक्त सचिव

संसदीय कार्य मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 23 अगस्त 1995

संकल्प

सं० फा० 4(3) 93—हिन्दी—संसदीय कार्य मंत्रालय के समसंख्यक संकल्प दिनांक 25 अगस्त, 1994 के आंशिक आशोधन में, सरकारी सेवा से सेवा निवृत्त होने के फलस्वरूप संसदीय कार्य मंत्रालय के उप सचिव (समिति) इस मंत्रालय को हिन्दी सलाहकार समिति के सदस्य नहीं रहे ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों, भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों, राष्ट्रपति सचिवालय, प्रधान मंत्री कार्यालय, मंत्रिमण्डल सचिवालय, लोक/राज्य सभा सचिवालय, योजना आयोग, संसदीय राजभाषा समिति, भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक और मंत्रिमण्डल कार्य विभाग का वेतन तथा लेखा कार्यालय, नई दिल्ली को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को जन साधारण की जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित कराया जाए ।

देवराज तिवारी,
संयुक्त सचिव

विधि, न्याय तथा कंपनी कार्य मंत्रालय

कम्पनी कार्य विभाग

नई दिल्ली—110001, दिनांक 4 सितम्बर, 1995

सं० 27/5/95—सी० एल०—II—कम्पनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 209क की उपधारा (1) के खंड (ii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा कम्पनी कार्य विभाग के (1) श्री बी० एम० जैन, संयुक्त निर्देशक (निरीक्षण), बम्बई, (2) श्री वी० जयशंकर, सहायक निरीक्षण अधिकारी बम्बई, (3) श्री एम० चान्दना, भूत सहायक निरीक्षण, अधिकारी, बम्बई को उक्त धारा 209क के प्रयोजन के लिए प्राधिकृत करती है ।

आर० एन० वासवानी,
अवर सचिव

सं० 27/5/95—सी० एल०—II—कम्पनी अधिनियम, 1956 (956 का 1) की धारा 209क की उपधारा (1) के खंड (ii) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा कम्पनी कार्य विभाग के (1) श्री जी० श्रीनिवासन, संयुक्त निदेशक (निरीक्षण) मद्रास, (2) श्री के० पेनेडीयन, उप निदेशक (निरीक्षण) मद्रास को उक्त धारा 209क के प्रयोजन के लिए प्राधिकृत करती है ।

आर० एन० वासवानी,
अवर सचिव

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

नियम

नई दिल्ली, दिनांक 23 सितम्बर, 1995

फा० सं० 4/3/95—सी० एस० (1): निम्नलिखित सेवा के ग्रेड—I की चयन सूची में सम्मिलित करने के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 1995 में ली जाने वाली अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए सम्मिलित ग्रेड—I (अवर सचिव) सीमित विभागीय प्रतियोगिता परीक्षा के नियम से सम्बन्धित मंत्रालय की सहमति से सर्वसाधारण की सूचना के लिए प्रकाशित किए जाते हैं ।

वर्ग

रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा का ग्रेड—I

1. चयन सूची में सम्मिलित करने के लिए चयन किए जाने वाले व्यक्तियों की संख्या आयोग द्वारा जारी किए गए नोटिस में निर्दिष्ट की जाएगी ।

2. संघ लोक सेवा आयोग द्वारा यह परीक्षा परिशिष्ट में निर्धारित नियमों के अनुसार की जाएगी ।

परीक्षा की तारीख और स्थान आयोग द्वारा निश्चित किए जायेंगे ।

3. स्थायी अधिकारी या अन्य ऐसे अधिकारी जिनका नाम नीचे कालम—1 में उल्लिखित ग्रेडों और सेवाओं की चयन सूची में सम्मिलित कर लिया गया है और जो अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का है, तथा जिसने 31 दिसम्बर, 1994 को कालम 2 में उल्लिखित सेवा से सम्बन्धित शर्तें पूरी कर ली है, परीक्षा में बैठने का पात्र होगा ।

कालम 1	कालम 2
रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा का अनुभाग अधिकारी ग्रेड और/अथवा रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा का विलयित ग्रेड "क" तथा ग्रेड "ख" ।	रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारी ग्रेड या रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के विलयित ग्रेड "क" और ग्रेड "ख" में अथवा दोनों में, जैसी भी स्थिति हो, अनुमोदित तथा लगातार सेवा 4 वर्ष से कम न हो ।

टिप्पणी :—(1) सैनिक ड्यूटी में रहने पर अनुपस्थिति की किसी भी अवधि को उपर्युक्त पदों में से किसी भी पद के लिए निर्धारित सेवाकाल में गिनने की अनुमति दी जाएगी ।

टिप्पणी :— (2) रेलवे बोर्ड सचिवालय सेवा के अनुभाग अधिकारियों और रेलवे बोर्ड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के विलयित ग्रेड "क" व ग्रेड "ख" के अधिकारियों को, जो सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से संवर्ग बाह्य पद पर हैं, यदि अन्यथा पात्र हो, तो परीक्षा में प्रवेश की अनुमति होगी ।

किन्तु यह किसी ऐसे अधिकारी पर लागू नहीं होगा जो किसी संवर्ग बाह्य पद पर नियुक्त हुआ हो अथवा स्थानांतरण पर किसी अन्य सेवा में नियुक्त किया गया हो और जिसका उल्लिखित संबद्ध ग्रेडों में पुनर्ग्रहणाधिकार न हो ।

4. परीक्षा में प्रवेश के लिए उम्मीदवार की पात्रता अथवा अन्य किसी बात के बारे में आयोग का निर्णय अंतिम होगा ।

5. किसी भी उम्मीदवार को तब तक परीक्षा में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी जब तक कि उसके पास आयोग से प्राप्त प्रवेश प्रमाण—पत्र न हो ।

6. आयोग द्वारा निम्नलिखित कारणों से घोषित अथवा दोषी उम्मीदवार को जिसने—

1. किसी भी तरीके से अपनी उम्मीदवारी के लिए समर्थन प्राप्त करने, अथवा
2. किसी व्यक्ति के स्थान पर स्वयं प्रस्तुत होने अथवा
3. अपने स्थान पर किसी दूसरे को प्रस्तुत करने, अथवा
4. जाली प्रलेख या फेर बदल किए गए प्रलेख प्रस्तुत करने, अथवा
5. गलत या असत्य वक्तव्य देने या महत्वपूर्ण सूचना को छिपाने, या
6. परीक्षा के लिए अपनी उम्मीदवारी के सम्बन्ध में किसी अन्य अनियमित अथवा अनुचित तरीकों से काम लेने, अथवा
7. परीक्षा के दौरान अनुचित तरीके अपनाने, अथवा
8. उत्तर पुस्तिका (पुस्तिकाओं) में अप्रासंगिक बातें लिखने, जिसमें अश्लील भाषा अथवा अश्लील बातें लिखना शामिल है, अथवा

9. परीक्षा भवन में किसी प्रकार का दुर्व्यवहार करने, अथवा

10. परीक्षाओं को आयोजित करने के लिए आयोग द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को परेशान करने अथवा उन्हें शारीरिक नुकसान पहुंचाने, अथवा

11. उम्मीदवारों को परीक्षा देने की अनुमति देते हुए प्रेषित प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ जारी अनुदेशों में से किसी अनुदेश का उल्लंघन करने, या

12. पूर्वोक्त खंडों में निर्दिष्ट कोई कार्य करने का प्रयत्न किया हो या इन कार्यों को करने के लिए किसी को उकसाया हो, तो उसके खिलाफ आपराधिक अभियोग तो चलाया ही जा सकता है, उसके अतिरिक्त उसे :–

(क) आयोग द्वारा उस परीक्षा के लिए आयोग्य ठहराया जा सकता है जिसके लिए वह उम्मीदवार है, और अथवा

(ख) (1) आयोग द्वारा आयोजित किसी भी परीक्षा अथवा चयन से,

(2) केन्द्र सरकार द्वारा अपने अधीन किसी भी नियुक्ति से, अथवा किसी विनिर्दिष्ट अवधि के लिए वर्जित किया जा सकता है, और

(ग) समुचित नियमों के अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाही की जा सकती है किन्तु शर्त यह है कि इस नियम के अधीन कोई शास्ति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक :—

(1) उम्मीदवार को इस सम्बन्ध में लिखित अभ्यावेदन, जो वह देना चाहे, प्रस्तुत करने का अवसर न दिया गया हो, और

(2) उम्मीदवार द्वारा अनुमत समय में प्रस्तुत अभ्यावेदन पर, यदि कोई हो, विचार न किया गया हो ।

7. आयोग जिन उम्मीदवारों को परीक्षा के परिणाम के आधार पर चयन के लिए उपयुक्त समझेगा उनके नामों की, जिसमें दोनों अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवार सम्मिलित होंगे, योग्यता क्रम में एक ही सूची बनाएगा और इस क्रम से जितने भी उम्मीदवार आयोग द्वारा योग्य पाए जायेंगे चयन सूची में अपेक्षित संख्या तक सम्मिलित करने के लिए उनकी अनुशंसा की जाएगी।

टिप्पणी: —उम्मीदवारों को यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि यह एक प्रतियोगिता परीक्षा है न कि अर्हक परीक्षा । परीक्षा के परिणाम के आधार पर प्रत्येक चयन सूची में शामिल किये जाने वाले व्यक्तियों की संख्या नियत करने के लिए सरकार पूरी तरह से सक्षम है । कोई भी उम्मीदवार उस परीक्षा में अपने निष्पादन के आधार पर चयन सूची में शामिल किये जाने के लिए अधिकार के रूप में दावा नहीं कर सकेगा ।

8. प्रत्येक उम्मीदवार को परीक्षा परिणाम की सूचना किस रूप में और किस प्रकार दी जाए, इसका निर्णय आयोग स्वयं करेगा । आयोग परीक्षा परिणाम के बारे में किसी भी उम्मीदवार से पत्राचार नहीं करेगा ।

9. परीक्षा में सफल हो जाने मात्र से नियुक्ति का अधिकार तब तक नहीं मिलता, जब तक कि सरकार आवश्यक जांच के बाद इस बात से संतुष्ट न हो जाए कि उम्मीदवार सेवा में उसके आचरण की दृष्टि से चयन के लिए हर प्रकार से योग्य है ।

परन्तु आयोग द्वारा चयन के लिए अनुशंसित किए गए किसी उम्मीदवार को चयन के लिए अपात्र मानने के बारे में निर्णय आयोग के साथ परामर्श करके ही लिया जाएगा ।

10. यदि कोई उम्मीदवार जो परीक्षा में प्रवेश के लिए आवेदन-पत्र भेजने के बाद या परीक्षा में बैठने के बाद अपनी नियुक्ति से त्यागपत्र दे देता है अथवा और किसी कारणवश सेवा छोड़ देता है अथवा उससे संबंध विच्छेद कर लेता है अथवा उसकी सेवा विभाग द्वारा समाप्त कर दी जाती है अथवा उसे किसी संवर्ग बाह्य पद पर अथवा अन्य सेवा में स्थानान्तरण पर नियुक्त कर दिया जाता है और उसका उपर्युक्त नियम 3 के कालम–I में उल्लिखित ग्रेड और सेवाओं में अपना पुनर्ग्रहणाधिकार नहीं है तो वह इस परीक्षा के परिणाम के आधार पर नियुक्त होने का पात्र नहीं होगा ।

तथापि, यह बात उस व्यक्ति के मामले में लागू नहीं होती जो सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से किसी संवर्ग बाह्य पद पर प्रतिनियुक्ति पर नियुक्त किया गया हो ।

करतार सिंह,
अवर सचिव

परिशिष्ट

परीक्षा निम्नलिखित योजना के अनुसार आयोजित की जाएगी ।

भाग 1 निम्नलिखित विषयों पर दो प्रश्न-पत्रों की लिखित परीक्षा होगी जिनमें से हर एक के 200 अंक रखे गए हैं ।

प्रश्न-पत्र–1 कार्यालय पद्धति एवं प्रक्रिया ।

प्रश्न-पत्र–2 भारतीय संविधान तथा शासन तंत्र का सामान्य ज्ञान, संसदीय पद्धति और प्रक्रिया ।

प्रत्येक प्रश्न-पत्र 2 1/2 घंटे का होगा ।

भाग—2 आयोग के विवेक से निर्णीत उम्मीदवारों के गोपनीय अभिलेखों का मूल्यांकन तथा साक्षात्कार —200 अंक ।

2. परीक्षा की पाठ्यचर्या अनुसूची के अनुसार होगी ।

3. उम्मीदवारों को प्रश्नों के उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी (देवनागरी) में देने का विकल्प होगा । प्रश्न-पत्र अंग्रेजी और हिन्दी में तैयार किए जायेंगे ।

टिप्पणी– (1) सभी प्रश्नों के लिए एक सा विकल्प होगा तथा उसी प्रश्न-पत्र में विभिन्न प्रश्नों के लिए अलग-अलग विकल्प नहीं होगा ।

टिप्पणी– (2) उक्त प्रश्न-पत्रों का उत्तर हिन्दी (देवनागरी) में देने का विकल्प देने वाले उम्मीदवारों को अपने इस इरादे का उल्लेख आवेदन पत्र के सम्बद्ध कालम में स्पष्ट रूप से करना चाहिए, नहीं तो यह समझा जाएगा कि वे सभी प्रश्न-पत्रों के उत्तर अंग्रेजी में ही देंगे । एक बार दिया गया विकल्प अंतिम मान लिया जाएगा तथा उक्त कालम में परिवर्तन करने का कोई भी अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा ।

टिप्पणी– (3) प्रश्न-पत्र के उत्तर हिन्दी (देवनागरी) में लिखने वाले उम्मीदवार, यदि वे चाहें तो, हिन्दी पाठ के साथ तकनीकी शब्दों के विवरण, यदि कोई हो, के साथ उनके अंग्रेजी पर्याय की कोष्ठक में दे सकते हैं ।

4. उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्रों के उत्तर स्वयं ही लिखने होंगे । किसी भी परिस्थिति में उत्तर लिखने के लिए उन्हें किसी अन्य व्यक्ति की सहायता लेने की अनुमति नहीं होगी ।

5. आयोग अपने विवेक पर परीक्षा के किसी एक या सभी भागों के अर्हक अंक निर्धारित कर सकता है । केवल उन्हीं उम्मीदवारों के संबंध में गोपनीय रिपोर्टों के मूल्यांकन तथा साक्षात्कार में बुलाए जाने पर विचार किया जाएगा जो लिखित परीक्षा में आयोग के विवेकानुसार नियत किए गए न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेंगे ।

6. मात्र सतही ज्ञान के लिए कोई अंक नहीं दिए जाएंगे ।

7. परीक्षा के सभी विषयों में इस बात को श्रेय दिया जाएगा कि अभिव्यक्ति कम से कम शब्दों में क्रमबद्ध तथा प्रभावपूर्ण ढंग से और ठीक-ठीक की गयी हो ।

8. उम्मीदवारों को प्रश्न-पत्रों के उत्तर लिखते समय भारतीय अंकों के अंतरराष्ट्रीय रूप (अर्थात् 1, 2, 3, 4, 5, 6, आदि) का ही प्रयोग करना चाहिए ।

अनुसूची

परीक्षा की पाठ्यचर्या

जहां नियमों, आदेशों, अनुदेशों आदि का ज्ञान अपेक्षित है, उम्मीदवारों से यह आशा की जाएगी कि वे इस परीक्षा की अधिसूचना की तारीख तक जारी किए गए संशोधनों की जानकारी रखें ।

कार्यालय पद्धति एवं प्रक्रिया

इसका उद्देश्य रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) की प्रक्रिया और पद्धति में गहन तथा विस्तृत परीक्षा लेना है । इस विषय में कुछ मार्गदर्शन निम्नलिखित पुस्तकों से प्राप्त किया जा सकता है :—

(1) इस अधिसूचना के समय परिचालित रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा प्रकाशित कार्यालय पद्धति नियम पुस्तिका ।

(2) "संघ के सरकारी काम-काज में हिन्दी के प्रयोग" से सम्बन्धित गृह मंत्रालय द्वारा जारी की गई आदेशों की पुस्तिका ।

भारत के संविधान और शासन तंत्र, संसद प्रक्रिया और पद्धति का सामान्य ज्ञान ।

टिप्पणी :— निम्नलिखित विषयों के ज्ञान की अपेक्षा की जाती है ।

(1) भारत के संविधान के मुख्य सिद्धांत ।

(2) लोक सभा तथा राज्य सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमावली ।

(3) भारत सरकार के शासन तंत्र का संगठन— मंत्रालयों, विभागों तथा संबद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों के पदनाम तथा उनमें विषयों का आवंटन और उनके परस्पर सम्बन्ध ।

उद्योग मंत्रालय

औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग

(इंजीनियरिंग इन्डस्ट्री डैस्क)

नई दिल्ली, दिनांक 14 अगस्त 1995

संकल्प

सं० 40(16) 92-इंजी० इन्ड०—भारत सरकार निम्नलिखित संरचना अनुसार तथा इस संकल्प के जारी

होने की तारीख से दो वर्षों की अवधि के लिए लोह ढलाई उद्योग सम्बन्धी विकास पैनल का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है :—

1. श्री टी० पी० बालाकृष्णन, अध्यक्ष
प्रबंध निदेशक,
मै० हैवी इंजीनियरिंग कारपोरेशन;
रांची–834004 (बिहार) ।

2. डा० डी० आर० चावला; सदस्य
औद्योगिक सलाहकार,
औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग
उद्योग भवन नई दिल्ली ।

3. श्री पी० एन० शाली, सदस्य
संयुक्त सलाहकार,
योजना आयोग; योजना भवन,
नई दिल्ली ।

4. श्री एन० के० सिंह; सदस्य
उप निदेशक (धातुकर्म)
विकास आयुक्त (लघु उद्योग) का कार्यालय;
निर्माण भवन,
नई दिल्ली ।

5. श्री वाई० आर० तनेजा; सदस्य
उप महानिदेशक;
भारतीय मानक ब्यूरो,
मानक भवन बहादुर शाह जफर मार्ग,
नई दिल्ली ।

6. कार्यकारी निदेशक; सदस्य
रेलवे बोर्ड;
रेल भवन; नई दिल्ली ।

7. श्री एफ० ए० नाटेरवाला; सदस्य
अध्यक्ष,
भारतीय उद्योग संघ,
23, 26 इन्स्टिट्यूशनल एरिया
लोदी रोड़, नई दिल्ली–3 ।

8. श्री विनोद कपूर, सदस्य
अध्यक्ष;
इन्स्टिट्यूट आफ इंडियन फाउन्ड्री मैन;
द्वारा गार्गी इंडस्ट्रीज,
2, मरकेंटाइल अपार्टमेन्टस
संत सिनेमा के सामने;
चेम्बूर, बम्बई–74.

9. श्री एम० सी० शाह, सदस्य
प्रबन्ध निदेशक
फैरस कास्टिंग पैनल चेयरमैन;
(इंजीनियरिंग निर्यात संवर्धन परिषद्)
द्वारा नीफा एक्सपोटर्स प्रा० लि०,
गंगा-जमुना अपार्टमेन्ट,
28/1 शेक्सपीयर सरानी
कलकत्ता–1 ।

10. प्रो० के० किशोर, सदस्य
हैड फाउन्ड्री टैक्नोलाजी डिपार्टमेंट,
नेशनल इन्स्टिट्यूट आफ फाउन्ड्री एंड
फोर्जिंग टैक्नोलाजी, हतिया,
रांची–834003 ।

11. प्रो० एस० शेषन, सदस्य
अध्यक्ष,
मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग,
भारतीय विज्ञान संस्थान,
बंगलौर–12 ।

12. श्री एन० जी० श्रीनिवासन, सदस्य
उप महा प्रबंधक,
मै० भारत हैवी इलक्ट्रीकल्स लि०,
सैन्ट्रल फाउन्ड्री फोर्ज प्लांट,
हरिद्वार–249403.

13. श्री एस० जी० शाह, सदस्य
कार्यकारी निदेशक,
भारतीय मोटरगाड़ी निर्माता संघ,
आर्मी एण्ड नेवी बिल्डिंग,
148, एम० जी० रोड़,
बम्बई–1.

14. श्री राजेश्वर प्रसाद सिंह, सदस्य
डाकघर , स्टेशन रोड़,
शेखपुरा, जिला—शेखपुरा,
बिहार ।

15. श्री टी० कुमार, सदस्य
कार्यकारी निदेशक,
मै० स्टीलकास्ट लिमिटेड,
रूवापरि रोड़, भावनगर,
गुजरात–364005 ।

16. श्री वी० एस० रोहतगी, सदस्य
मुख्य प्रबंधक (निरीक्षण),
मैं० बर्न स्टैंडर्ड कंपनी लि०,
10-सी० हुंगरफोर्ड स्ट्रीट,
कलकत्ता–17.

17. डा० पी० एन० भगवती, सदस्य
अध्यक्ष,
मै० भगवती स्फेरोकास्ट लि०,
1, कृष्णा सोसाइटी, एली ब्रिज,
अहमदाबाद–6.

18. श्री एच० एस० सांगा, सदस्य
कार्यकारी निदेशक,
मै० एच० एम० टी० लिमिटेड,
(इंजीनियरिंग कम्पोनेन्टस बिजनेस ग्रुप)
29, बेलारी रोड़,
बंगलौर–32 ।

19. श्री के० एन० कुप्पुरलास, सदस्य
उप महा प्रबंधक,
मै० मुकुंद लिमिटेड,
लाल बहादुर शास्त्री मार्ग,
कुर्ला, बम्बई–70 ।

20. श्री आर० एन० पांडे, सदस्य
प्रबंधक,
मै० भारत पम्पस एण्ड कम्प्रैसर्स लि०,
नैनी, इलाहाबाद (उ० प्र०) ।

21. श्री एस० वी० एस० त्यागी, सदस्य
उप महा प्रबंधक (ढलाई),
मै० टाटा इंजीनियरिंग एण्ड
लोकोमोटिव कं० लि०,
जमशेदपुर–831010.

22. श्री पी० के० संकथिया, सदस्य-सचिव
विकास अधिकारी,
औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग,
उद्योग भवन, नई दिल्ली ।

विचारणीय विषय

(1) उद्योग की वर्तमान स्थिति व स्वरूप पर विचार करना और अन्य बातों के साथ-साथ मोटरगाड़ी, मशीनी औजार, उद्योग संबंधी मशीनरी जैसे संबद्ध क्षेत्रों के विकास कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए इसके विकास के लिए उपायों की सिफारिश करना ।

(2) प्रौद्योगिकी के वर्तमान स्तर का मूल्यांकन करना और इसे विशेषतया गुणवत्ता नियंत्रण, ऊर्जा/सामग्री संरक्षण प्राप्ति, प्रदूषण नियंत्रण, उत्पादकता सुधार आदि के क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के बराबर लाने के लिए उपायों की सिफारिश करना ।

(3) जिस सीमा तक मानकीकरण हुआ है उसकी जांच करना तथा भारतीय मानक ब्यूरो के परामर्श से और मानकीकरण करने के लिए विशिष्ट कार्यक्रम तैयार करना जिसके लिए कुछ प्रयोक्ता क्षेत्रों का पता लगाया जायेगा ।

(4) फाउन्ड्री स्रोत के आधुनिकीकरण पर ध्यान देना ।

(5) निर्यात बढ़ाने के लिए उपायों की सिफारिश करना ।

(6) अनुसंधान व विकास सम्बन्धी सुविधाएं उपलब्ध कराना ।

(7) इस उद्योग के स्वास्थ्य एवं विकास से संबंधित कोई अन्य पहलू ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि संकल्प की एक प्रति सभी सम्बन्धित को भेजी जाए । यह भी आदेश दिया जाता है कि संकल्प को सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

वी० के० यादव,
उप सचिव

कृषि मंत्रालय

(पशु पालन और डेयरी विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 28 अगस्त 1995

संकल्प

सं० 3-16/95–(डी.सी.) इस मंत्रालय के दिनांक 6 सितंबर, 1988 के संकल्प सं० 3–14/87–एल० डी० टी० तथा समय-समय पर जारी किए गए बाद में संशोधनों के अनुक्रम में भारत सरकार ने तत्काल प्रभाव से अगले तीन वर्षों के लिए गोसंवर्धन परामर्शदात्री परिषद् का पुनर्गठन करने का निर्णय किया है ।

गोसंवर्धन परामर्शदात्री परिषद् की संरचना

पुनर्गठन परिषद् की संरचना इस प्रकार होगी :—

(1) कृषि मंत्री, अध्यक्ष
नई दिल्ली ।

(2) राज्य मंत्री सदस्य
(कृषि अनुसंधान तथा शिक्षा विभाग
और पशुपालन एवं डेयरी विभाग)
नई दिल्ली ।

(3) सचिव, सदस्य
पशुपालन एवं डेयरी विभाग,
कृषि मंत्रालय
नई दिल्ली ।

(4) पशुपालन आयुक्त सदस्य
पशुपालन एवं डेयरी विभाग,
कृषि मंत्रालय,
नई दिल्ली।

(5) उपमहानिदेशक (ए० एस०), सदस्य
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद्
नई दिल्ली।

(6) संयुक्त सचिव (पशुपालन), सदस्य
पशुपालन एवं डेयरी विभाग,
कृषि मंत्रालय,
नई दिल्ली।

(7) संयुक्त सचिव (डेयरी विकास); सदस्य
पशुपालन एवं डेयरी विभाग;
कृषि मंत्रालय,
नई दिल्ली।

(8) संयुक्त सचिव, सदस्य
ग्रामीण विकास मंत्रालय,
नई दिल्ली।

(9) अध्यक्ष, सदस्य
राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड,
आनन्द,
गुजरात।

(10) निदेशक, सदस्य
पशुपालन,
राजस्थान सरकार।

(11) निदेशक, सदस्य
पशुपालन,
मध्य प्रदेश सरकार।

(12) निदेशक; सदस्य
पशुपालन,
मध्य प्रदेश सरकार।

(13) निदेशक, सदस्य
पशुपालन,
तमिलनाडु सरकार।

(14) दो संसद सदस्य, सदस्य
संसदीय कार्य मंत्रालय
तथा द्वारा नामित किए जाने वाले दोनों

(15) सदनों में से एक-एक

(16) श्री स्वामी ओमानन्द, गैर सरकारी सदस्य
गुरूकुल झज्जर,
डाकखाना झज्जर,
जिला रोहतक,
हरियाणा।

(17) श्री कंवर मानवेंद्र सिंह, —तदैव—
भूतपूर्व संसद सदस्य।

(18) चौधरी रामलुभाया गैर सरकारी सदस्य
मकान नं० 1320, सैक्टर 15—बी,
चण्डीगढ़।

(19) श्री यशपाल सिंह, —तदैव—
31, श्याम नगर, पिलोखड़ी रोड,
मेरठ—250002, उत्तर प्रदेश।

(20) श्री अनिल कुमार कपिल, —तदैव—
II—ए/ई-17, नेहरू नगर,
गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश।

(21) श्री मगम रंगा रेड्डी, —तदैव
1—1, 12/सी जवाहर नगर,
मुणीराबाद
हैदराबाद—500020।

(22) श्री महेन्द्र शास्त्री, —तदैव—
40 मोती डूंगरी, अलवर,
राजस्थान।

(23) श्रीमती तारा गुप्ता, —तदैव—
भूतपूर्व विधान सभा सदस्य
बी० एन० महाविद्यालय के सामने,
अशोक राज पट्टी
पटना।

(24) श्री रमन लाल के० देसाई, —तदैव—
स्थान तथा डाकघर
अच्छारी,
तहसील उमरगांव,
जिला वलसाद, गुजरात,
पिन—396105।

(25) श्री के० पी० नायडू, —तदैव—
मकान नं० 43/3,
आर० टी० विजयनगर कालोनी,
हैदराबाद—500457।

(26) श्री बी० के० बिसवाल, —तदैव—
अध्यक्ष,
उत्कल गोमंगल समिति,
कटक (उड़ीसा)।

(27) डा० श्रीनाथ तनिया, —तदैव—
भूतपूर्व निदेशक,
पशुपालन विभाग,
मार्फत उत्कल गोमंगल समिति,
कटक (उड़ीसा)।

(28) श्री देवेन्द्र नाथ शर्मा, —तदैव—
स्थान व पोस्ट नियाला केन्द्र पाड़ा,
उड़ीसा।

(29) सुश्री संध्या महापात्र, —तदैव—
एम० बी०—61, गढ़ गोपीनाथ प्रसाद,
रासूलगढ
भुवनेश्वर—10।

(30) श्री कोडरन नागेश्वर राव, —तदैव—
आंध्र बैंक कालोनी,
मलकपेट,
हैदराबाद—500036।

(31) संयुक्त आयुक्त (एल० पी०), सदस्य सचिव
पशुपालन एवं डेयरी विभाग,
नई दिल्ली।

इस परामर्शदात्री परिषद के कार्य इस प्रकार होंगे :—

(1) गोपशु के संरक्षण, विकास प्रजनन, आहार तथा विपणन से संबंधित योजनाओं की समय-समय पर समीक्षा करना।

(2) उपर्युक्त किसी भी मामले पर केन्द्र तथा राज्य सरकारों को परामर्श देना।

(3) गोपशु संपदा, विशेषकर सही दिशा में गौशालाओं के विकास से संबंधित मामलों पर परिषदों, गौशाला राज्य गोसंवर्धन परिषदों गौशाला परिसंघों पिंजरकपोल जैसे विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों के कार्यकलापों की समीक्षा तथा समन्वय करना।

(4) गोपशु के विकास के लिए विशेषकर जहां गैर सरकारी संस्थानों के सहयोग की आवश्यकता है, बढ़ावा देने वाली गतिविधियों को हाथ में लेना।

(5) देश में किसी भी क्षेत्र में गोपशु संपदा के विकास के लिए भारत सरकार द्वारा की गई अपेक्षा के अनुसार अन्य कार्य करना।

अध्यक्ष महोदय द्वारा तय किए गए समय तथा स्थान पर परिषद् की बैठक समय-समय पर आयोजित की जाएगी।

आदेश

यह आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी राज्य सरकारों संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों तथा भारत सरकार के मंत्रालयों के विभागों, योजना आयोग, मंत्रिमंडल सचिवालय, प्रधानमंत्री सचिवालय तथा अन्य संबंधित संगठनों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सामान्य सूचना के लिए इस संकल्प को भारत के राजपत्र में भी प्रकाशित किया जाए।

बाबू जैकब
संयुक्त सचिव

कृषि एवं सहकारिता विभाग

नई दिल्ली, दिनांक 1 अगस्त, 1995

सं० 26012(2)/95—मा० (सां०)—कृषि मंत्रालय (कृषि तथा सहकारिता विभाग) के दिनांक 3 सितम्बर, 1993 के संकल्प सं० 26012(1)/90—मा० (ई०) में आंशिक संशोधन करते हुए राष्ट्रपति निम्नलिखित व्यक्तियों को इस अधिसूचना को प्रकाशित किए जाने की तारीख से तीन वर्षों की अवधि के लिए या जब तक वे संसद सदस्य रहें या आगामी आदेशों तक, इसमें से जो भी पहले हो, केन्द्रीय मात्स्यिकी बोर्ड का सदस्य नामित करते हैं :—

(1) श्री सुधीर सावंत
लोक सभा सदस्य।

(2) श्री ई० बालनन्दन
राज्य सभा सदस्य।

देवेन्द्र नाथ
अवर सचिव

मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(शिक्षा विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 7 जुलाई, 1995

विषय :—केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर (के० भा० भा० सं०), में सलाहकार समिति का गठन।

सं० एफ० 8-6/88-डी०-4 (भा०)—केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मैसूर को उसके कार्यक्रमों और परियोजनाओं को तैयार करने में सहायता करने तथा सलाह देने के लिए एक सलाहकार समिति के गठन के संबंध में भारत के राजपत्र में प्रकाशित दिनांक 4 अगस्त, 1993 की अधिसूचना सं० एफ० 8-6/88-डी०-IV (भा०) का आंशिक संशोधन करते हुए भारत सरकार एतद्द्वारा प्रो० योगेन्द्र व्यास, भाषा-विज्ञान विभाग, भाषा स्कूल, गुजरात विश्वविद्यालय, अहमदाबाद को, उपर्युक्त अधिसूचना के अन्तर्गत गठित समिति की शेष कार्य-अवधि के लिए एक सदस्य के रूप में, पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ के डा० अतर सिंह, जिनका निधन हो गया है, के स्थान पर मनोनीत करती है। अन्य शर्तों में कोई परिवर्तन नहीं होगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस अधिसूचना की एक प्रति निदेशक, केन्द्रीय भारतीय भाषा संस्थान, मानसगंगोत्री, मैसूर, सभी राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों, प्रधानमंत्री कार्यालय, नई दिल्ली, संसदीय कार्य मंत्रालय,

संसद भवन, नई दिल्ली, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय योजना आयोग, राष्ट्रपति, सचिवालय और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों तथा विभागों को भेज दी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस अधिसूचना को जनसाधारण की सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए। मुद्रित प्रति इस मंत्रालय को भेजी जाए।

जे० एल० सहगल,
उप सचिव (भाषाएं)

नई दिल्ली—110001, दिनांक 30 अगस्त, 1995

संकल्प

1. सं० एफ० 13-9/94पी० एन० IV—राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में जिसे 1992 में अद्यतन किया गया था, अगली शताब्दी के प्रारंभ तक 14 वर्ष की आयु तक के सभी बच्चों को संतोषप्रद कोटि की निःशुल्क तथा अनिवार्य शिक्षा प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित करते समय इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक राष्ट्रीय मिशन स्थापित करने की परिकल्पना की गई थी। मिशन संचालित करने संबंधी रूपात्मकताओं पर 1993 तथा 1994 में हुए राज्य शिक्षा सचिवों के क्षेत्रीय सम्मेलनों के दौरान राज्यों के साथ और विचार-विमर्श किया गया था।

2. इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 और उसकी कार्य योजना, 1992 प्रारंभिक शिक्षा को सभी को सुलभ कराने के लिए मुख्य कार्य नीति के रूप में विकेन्द्रीकृत योजना निर्धारित की गई है। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम इस कार्यनीति को कार्यरूप देने के लिए विकसित किया गया है। इस कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षा के विकास पर व्यापक विचार किया गया है और जिला विशिष्ट आयोजना तथा अलग-अलग लक्ष्य निर्धारण से प्रारंभिक शिक्षा को सभी को सुलभ कराने के लिए कार्यनीति संचालित करने की अपेक्षा की गई है। इस कार्यक्रम में आयोजना और प्रबन्ध के लिए सहभागी प्रक्रियाओं पर अधिक बल दिया गया है। इसमें लड़के तथा लड़कियों की संख्या पर जिनमें शिक्षा कम हो पर विशेष ध्यान दिया गया है और शिक्षक प्रशिक्षण पर विकेन्द्रीकृत प्रबन्ध में निवेशों के जरिए स्कूल की कारगरता को बढ़ाने की अपेक्षा की गई है। कार्यक्रम में सभी स्तरों पर क्षमता का निर्माण करने पर बल दिया गया है चाहे वह क्षमता राष्ट्रीय, राज्य या स्थानीय स्तर की हो और ऐसी कार्य नीतियां विकसित करने की अपेक्षा की गई है जिनकी पुनः कार्यान्वित किया जा सके और जारी रखा जा सकता हो। इस कार्यक्रम को प्राथमिक शिक्षा के विकास के लिए भारत सरकार की एक केन्द्रीयकृत प्रायोजित योजना के रूप में अनुमोदित किया गया है।

8. कार्यक्रम के लक्ष्य निम्नलिखित हैं :—

(i) लड़के व लड़कियों तथा सामाजिक समूहों में नामांकन, पढ़ाई बीच में छोड़ने की दर और अधिगम उपलब्धि में अंतर को 5 प्रतिशत से भी कम करना।

(ii) प्राथमिक स्तर पर पढ़ाई छोड़ने वाले सभी छात्रों की दरों को 10 प्रतिशत से भी कम करना।

(iii) औसत उपलब्धि स्तर को निर्धारित आधारभूत स्तरों से कम से कम 25 प्रतिशत अधिक करना और बुनियादी साक्षरता तथासंख्यागत क्षमताओं की उपलब्धि को सुनिश्चित करना और सभी प्राथमिक स्कूलों के बच्चों द्वारा अन्य क्षमताओं में न्यूनतम 40 प्रतिशत उपलब्धि स्तर को सुनिश्चित करना।

(iv) राष्ट्रीय मानदण्डों के अनुसार सभी बच्चों को प्राथमिक शिक्षा (कक्षा 1 से कक्षा 5 तक) अर्थात प्राथमिक शिक्षा जहां पर संभव हो अथवा इसके समकक्ष गैर औपचारिक शिक्षा सुलभ कराना।

यह कार्यक्रम प्राथमिक शिक्षा की आयोजना, प्रबन्धन तथा मूल्यांकन के लिए राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरीय संस्थाओं और संगठनों की क्षमता को भी सुदृढ़ बनाएगा।

4. यह कार्यक्रम जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम वाले जिलों में पंजीकृत राज्य स्तरीय स्वायत्त सोसाइटियों के माध्यम से किसी मिशन पद्धति के रूप में कार्यान्वित किया जाएगा।

5. भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय (शिक्षा विभाग) में एतद्द्वारा एक राष्ट्रीय प्रारंभिक मिशन का गठन करती है। राष्ट्रीय प्रारंभिक शिक्षा मिशन शिक्षा विभाग में मा० सं० वि० मंत्रालय की एक स्वायत्त इकाई होगा जिसमें अपने कार्यक्षेत्र में कार्यकारी तथा वित्तीय शक्तियां निहित होंगी।

6. राष्ट्रीय प्रारंभिक शिक्षा मिशन की एक महा-परिषद एक परियोजना बोर्ड इस प्रकार के अन्य निकाय होंगे जिन्हें समय-समय पर निर्धारित और गठित किया जाएगा। महा-परिषद की संरचना निम्न प्रकार होगी :—

1. केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री—अध्यक्ष (पदेन)।
2. शिक्षा एवं संस्कृति राज्य मंत्री/शिक्षा एवं संस्कृति उप मंत्री।
3. सदस्य (शिक्षा), योजना आयोग।

4—13 5 क्षेत्रों—उत्तर-पूर्वी, उत्तरी, दक्षिणी, पूर्वी और पश्चिम क्षेत्रों में से प्रत्येक क्षेत्र के 2 राज्यों से प्राथमिक शिक्षा से संबंधित शिक्षा मंत्री। नामजदगी चक्र-क्रम में की जाएगी जिसमें एक नामजदगी जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के सहभागी राज्य की होगी।

4–16 संसदीय कार्य विभाग के परामर्श से 3 संसद सदस्य (लोक सभा से 2 और राज्य सभा से 1) नामजद किए जाएंगे ।

17–21 शिक्षाविदों और मीडिया विशेषज्ञों से 5 व्यक्ति ।

22–26 स्वैच्छिक एजेंसियों के 5 प्रतिनिधि जिनमें महिला विकास कार्यकलापों में संलग्न 2 महिलाएं होंगी ।

27. सचिव, शिक्षा विभाग ।

28. सचिव, महिला एवं बाल विकास ।

29. सचिव, कल्याण मंत्रालय ।

30. सचिव, व्यय विभाग ।

31. सचिव, सूचना एवं प्रसारण ।

32. प्रमुख, राष्ट्रीय संसाधन ग्रुप, प्रमुख महिला समाख्या ।

33–34 दो ऐसे व्यक्ति जिन्होंने अ०जा०/अ०ज०जा० तथा शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है ।

35. संयुक्त सचिव (जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम), सदस्य–सचिव ।

7. भारत सरकार द्वारा शासी परिषद् में पदेन सदस्यों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों को नामजद किया जाएगा । परिषद् का अध्यक्ष परिषद् की बैठकों में ऐसे व्यक्तियों को विशेष अतिथियों के रूप में आमंत्रित कर सकते हैं जिनको आमंत्रित करना वे अनिवार्य समझेंगे । नामजद व्यक्ति 2 वर्षों तक अपने पद पर बने रहेंगे और पुनः नामजदगी के लिए पात्र होंगे । परिषद् की वार्षिक रूप से बैठक होगी ।

8. प्रारम्भिक शिक्षा सभी को सुलभ कराने के लिए आवश्यक सभी उपायों की आयोजना करने तथा उनका कार्यान्वयन करने और उन उपायों की प्रगति की समीक्षा करने के लिए महा–परिषद् नीति–संबंधी दिशा निर्देश देगी ।

9. महा–परिषद् के सहयोग के लिए जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम परियोजना बोर्ड होगा जो प्राधिकृत निकाय होगा और उसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे :–

1. सचिव (शिक्षा) —अध्यक्ष

2. सलाहकार (शिक्षा), योजना आयोग

3–6 महिला एवं बाल विकास विभाग, कल्याण मंत्रालय, व्यय विभाग और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में केन्द्रीय सचिव या उनके प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव की श्रेणी से नीचे की श्रेणी के नहीं होंगे ।

7. संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार (मानव संसाधन विकास)

8. निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् ।

9. निदेशक, राष्ट्रीय शैक्षिक आयोजना एवं प्रशासन संस्थान ।

10–11. शिक्षाविदों, मीडिया–विशेषज्ञों, महिलाओं, अ०जा०/अ०ज०जा० और शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए शिक्षाविद के संवर्गों में से महा–परिषद् के 2 सदस्य जो सरकारी अधिकारी नहीं हैं ।

12. संयुक्त सचिव (जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम),–सदस्य–सचिव ।

10. बोर्ड में नामजदगी भारत सरकार द्वारा पदेन सदस्यों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों की जाएगी । बोर्ड के अध्यक्ष बोर्ड की बैठकों में ऐसे व्यक्तियों को विशेष आमंत्रितियों के रूप में आमंत्रित कर सकते है जिनको आमंत्रित करना वह आवश्यक समझेंगे । नामजद व्यक्ति का कार्यकाल 2 वर्षों का होगा और वे पुनः नामजदगी के पात्र होंगे ।

11. बोर्ड की शक्तियां: संस्वीकृतियों और अनुमोदनों के कार्य को तेजी से निपटाने के दृष्टिकोण से बोर्ड जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के संबंध में उन सभी वित्तीय एवं प्रशासकीय शक्तियों का प्रयोग करेगा जिनका प्रयोग शिक्षा विभाग कर सकता है । इसके अतिरिक्त यह उन सभी शक्तियों का प्रयोग करेगा जिनका यह सामान्य तथा व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय के अनुमोदन से प्रयोग कर सकता है । व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय को अलग से भेजना अपेक्षित नहीं होगा क्योंकि बोर्ड में उसका प्रतिनिधि शामिल होगा ।

12. बोर्ड के कार्य : बोर्ड के कार्य निम्न प्रकार होंगे :

1. डी० पी० ई० पी० ब्यूरो से प्राप्त राष्ट्रीय घटक योजना पर विचार करके उसे अनुमोदित करना,

2. राज्यों से प्राप्त वार्षिक कार्ययोजनाओं पर विचार करके उन्हें अनुमोदित करना,

3. डी० पी० ई० पी० के वार्षिक बजट को अनुमोदित करना;

4. कार्यक्रम संघटक के लिए आवंटित निधियों के पुनर्विनियोजन का अनुमोदन;

5. कार्यक्रम के ऐसे संघटकों तथा कार्यकलापों के मानदंडों का अनुमोदन जो कार्यान्वयन के दौरान उभर कर सामने आते हैं;

6. डी० पी० ई० पी० के प्रगति की समीक्षा व मानिटरिंग;

7. संगत विभागों के साथ सेवाओं के अभिसरण को बढ़ावा देना;

8. डी० पी०ई०पी० ब्यूरो को मार्गदर्शन प्रदान करना;

9. अनुमोदित वार्षिक योजनाओं के अनुसार निधियों के जारी किए जाने को अनुमोदित करना;

10. कार्यक्रम के कार्यान्वयन से उभर कर सामने आने वाले नीतिगत मुद्दों पर साधारण परिषद् को अपनी सिफारिशों से अवगत कराना;

13. परिषद् की बैठक तीन महीने में एक बार होगी और यदि परिषद् के अध्यक्ष चाहें तो इससे अधिक बार भी इसकी बैठक हो सकती है। परियोजना परिषद् की डी०पी० ई०पी० ब्यूरो द्वारा मदद व देखरेख की जाएगी।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि सर्वसाधारण की सूचना के लिए इस संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

डा० आर० वी० वैद्यनाथअय्यर
संयुक्त सचिव

(संस्कृति विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 22 जून 1995

संकल्प

सं० एफ० 4-4/89/सी० एच०-1—इस विभाग के दिनांक 18 जनवरी 1993 के समसंख्यक संकल्प का आंशिक आशोधन करते हुए केन्द्र सरकार ने इलाहाबाद संग्रहालय सोसायटी के नियमों एवं विनियमों के क्रमशः नियम 4, 23, 39 के अंतर्गत इलाहाबाद संग्रहालय सोसायटी कार्यकारिणी समिति एवं वित्त समिति के सदस्य के रूप में श्री डी०के० भट्टाचार्य के स्थान पर डा० विद्यानिवास मिश्र को उस तारीख तक के लिए नामित किया है जब तक श्री भट्टाचार्य जिनके स्थान पर डा० मिश्र को नियुक्त किया गया है अपने पद पर बने रहते।

आदेश

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक-एक प्रति भारत सरकार के सभी मंत्रालयों, विभागों तथा सभी राज्य सरकारों एवं संघ शासित क्षेत्रों को भेजी जाये।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को जन-साधारण की सूचना हेतु भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

धर्म पाल
अवर सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 29 अगस्त 1995

संकल्प

सं० 2-8/95-हिन्दी—इस विभाग के 4 अगस्त 1993 के यथासंशोधित संकल्प सं० 2-2/92-हिन्दी में आंशिक संशोधन करते हुए स्वर्गीय श्री शानी के स्थान पर निम्नलिखित साहित्यकार को शेष अवधि के लिए संस्कृति विभाग की हिन्दी सलाहकार समिति का गैर-सरकारी सदस्य नामित किया जाता है :—

डा० दूधनाथ सिंह
3-सी, केसल्स रोड
इलाहाबाद (उ० प्र०)

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति समिति के सभी सदस्यों, सभी राज्य सरकारों, संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासनों, प्रधान मंत्री के कार्यालय मंत्रिमंडल सचिवालय, संसदीय कार्य मंत्रालय, लोक सभा सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, राष्ट्रपति सचिवालय, संसदीय राजभाषा समिति, भारत के नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को भेजी जाए।

यह भी आदेश दिया जाता है कि यह संकल्प आम जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए।

अशोक वाजपेयी
संयुक्त सचिव

(पर्यटन विभाग)

नई दिल्ली-110001, दिनांक 21 जून 1995

संकल्प

सं० ई-11017(6)/95-हिन्दी—भारत सरकार; पर्यटन विभाग के दिनांक 8 जून 1989 के समसंख्यक संकल्प के अतिक्रमण में, पर्यटन के कार्यक्षेत्र में आने वाले विषयों पर हिन्दी में मौलिक पुस्तक लिखने पर लेखकों को प्रोत्साहन

देने के लिए पर्यटन विभाग ने पुरस्कार योजना आरंभ की है। इस पुरस्कार योजना की मुख्य बातें इस प्रकार हैं :—

1. योजना का नाम :

इस योजना को पर्यटन संबंधी विषयों पर हिन्दी में मौलिक पुस्तक लेखन प्रोत्साहन योजना" कहा जाएगा।

2. पुरस्कार का नाम :

हिन्दी में पर्यटन संबंधी मौलिक पुस्तक लेखन पर "राहुल सांस्कृत्यायम पर्यटन पुरस्कार"।

3. उद्देश्य :

इस योजना का उद्देश्य पर्यटन संबंधी विषयों पर हिन्दी में मूल पुस्तक लेखन को बढ़ावा देना है।

4. पुरस्कार का स्वरूप :

प्रत्येक कलेण्डर वर्ष में पर्यटन संबंधी किसी भी विषय पर हिन्दी में मौलिक पुस्तक लिखने पर 15 000 – रू० का प्रथम नकद पुरस्कार, 10 000 – रू० का द्वितीय नकद पुरस्कार तथा 7 500 – रू० का तृतीय नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

5. पुरस्कार दाता :
पर्यटन विभाग
भारत सरकार
नई दिल्ली।

6. पुरस्कार के लिए पात्रता :

(1) सभी भारतीय लेखक इस पुरस्कार योजना में भाग ले सकते हैं।

(2) इस योजना के अंतर्गत पुरस्कार के लिए विचारार्थ प्रस्तुत प्रकाशित पुस्तक अथवा पाण्डुलिपि लेखक की अपनी मौलिक प्रति होनी चाहिए और इसमें किसी अन्य व्यक्ति के कापीराइट के अधिकार का उल्लंघन नहीं होना चाहिए।

(3) उन्हीं पुस्तकों पाण्डुलिपियों पर विचार किया जाएगा जो पुरस्कार मिलने के वर्ष से तीन वर्ष पूर्व लिखी गई हो। इस कलेण्डर वर्ष में 1 जनवरी 1992 से 31 दिसम्बर 1994 तक लिखी गई पुस्तकों पांडुलिपियों पर विचार किया जाएगा। इस विषय पर केवल उच्च स्तर की हिन्दी में प्रकाशित मौलिक पुस्तकों पांडुलिपियों में से पुरस्कार देने के लिए बिचार किया जाएगा।

(4) किसी लेखक को एक वित्तीय वर्ष में एक से अधिक पुरस्कार नहीं दिया जाएगा। यदि पुरस्कार के लिए चुनी गई पुस्तक पांडुलिपि एक से अधिक लेखकों द्वारा लिखी गई हो तो पुरस्कार की राशि को सही लेखकों में बराबर-बराबर बांट दिया जाएगा। लेखक अपनी पुस्तक पांडुलिपि का मूल्यांकन कराने के लिए निर्धारित प्रपत्र भर कर उसके साथ अपनी पुस्तक पांडुलिपि की कम से कम 5 प्रतियां भिजवाएगा।

(5) वित्तीय वर्ष में प्रस्तुत की गई पुस्तकों/पांडुलिपियों पर इस योजना के अधीन पुरस्कार देने के उद्देश्य से पर्यटन विभाग द्वारा (पैरा सं० 7) के अनुसार) बनाई गई मूल्यांकन समिति द्वारा विचार किया जाएगा। कोई भी लेखक पुरस्कार के लिए एक से अधिक पुस्तक/पांडुलिपि भेज सकता है परन्तु कोई भी लेखक एक वित्तीय वर्ष में एक से अधिक पुरस्कार पाने का हकदार नहीं होगा।

(6) मूल्यांकन समिति के विचार के लिए प्रस्तुत की जाने वाली प्रत्येक पुस्तक/पांडुलिपि के साथ लेखकों द्वारा पूरी तरह से भरा हुआ और हस्ताक्षर किया हुआ प्रपत्र साथ में अवश्य लगाया जाए और इसे प्रत्येक वर्ष 31 अक्तूबर, तक इस विभाग को प्रस्तुत किया जाए।

(7) इस विभाग द्वारा उपर्युक्त पुरस्कार दिए जाने के लिए अंग्रेजी और हिन्दी में प्रमुख समाचार-पत्रों में नोटिस देकर लेखकों से आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाएंगे। यह विभाग अपनी तरफ से किसी उपयुक्त समझी जाने वाली पुस्तक को भी विचारार्थ प्रस्तुत कर सकता है।

(8) यदि कोई भी पुस्तक/पांडुलिपि पुरस्कार (पुरस्कारों) के लिए उपयुक्त नहीं पाई जाती है तो पुरस्कार (पुरस्कारों) की इस विभाग द्वारा रोक लिया जाएगा।

(9) पुरस्कार विशेष रूप से आयोजित समारोह में या अन्य किसी भी उपयुक्त अवसर पर दिए जाएंगे।

(10) यदि कोई लेखक एक बार पुरस्कृत किया गया है तो वह अगले दो वर्षों तक पुरस्कार योजना में भाग लेने का पात्र नहीं होगा।

(11) केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार से सहायता प्राप्त करने वाली संस्था या संगठन के साथ हुई संविदा के अनुसरण में या किसी स्कीम के अधीन लिखी गई एवं प्रकाशित पुस्तकें इस पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होंगी।

(12) ऐसी किसी पुस्तक और पांडुलिपि को विचारार्थ स्वीकार नहीं किया जाएगा जिसके पृष्ठ क्रमशः 200 और 250 से कम होंगे। साफ-सुथरी और

स्पष्ट अक्षरों में टंकित पांडुलिपियों को स्वीकार किया जाएगा ।

7. मूल्यांकन समिति

(1) पुरस्कार के निर्णय के लिए सर्वोत्तम पुस्तकों/पांडुलिपियों के चयन के लिए मूल्यांकन समिति होगी । इस मूल्यांकन समिति का गठन निम्नलिखत होगा :—

1. अध्यक्ष —महानिदेशक (पर्यटन)
2. सदस्य —संयुक्त सचिव (पर्यटन) ।
3. सदस्य —श्री धर्मपाल शर्मा, हिन्दी सलाहकार समिति के गैर-सरकारी सदस्य ।
4. सदस्य —श्री आर० एस० गुप्ता, हिन्दी सलाहकार समिति के गैर-सरकारी सदस्य ।
5. संयोजक —उप निदेशक (राजभाषा) ।

(2) उपर्युक्त मूल्यांकन समिति के पदेन सदस्य विशेष स्थितियों में मूल्यांकन समिति में अपने प्रतिनिधि के रूप में कोई उपयुक्त अधिकारी भेज सकेंगे ।

(3) उपर्युक्त मूल्यांकन समिति अपनी सहायता के लिए संबंधित विषयों के एक या अधिक विशेषज्ञों को सहयोजित कर सकेगी ।

(4) यदि मूल्यांकन समिति का कोई सदस्य उपर्युक्त योजना के अंतर्गत पुरस्कार के लिए प्रतियोगी है तो अन्य पुस्तकों के साथ-साथ उसकी पुस्तक का भी मूल्यांकन किया जाएगा किन्तु उस वर्ष उसे मूल्यांकन समिति की बैठकों में शामिल नहीं किया जाएगा ।

(5) इस समिति का कार्यकाल 3 वर्ष यथा 1995, 1996, 1997 के लिए होगा ।

(6) मूल्यांकन समिति के गैर-सरकारी सदस्य का कार्य-काल 3 वर्ष का होगा । सदस्य के पद छोड़ने, सेवा-निवृत्त हो जाने या मृत्यु हो जाने या किसी अन्य कारण से मूल्यांकन समिति में होने वाली खाली जगह हिन्दी सलाहकार समिति के किसी अन्य गैर-सरकारी सदस्य द्वारा भरी जाएगी ।

(7) मूल्यांकन समिति के गैर-सरकारी सदस्य भारत सरकार द्वारा जारी किए गए और उस समय लागू नियमों के अधीन यात्रा भत्ता, दैनिक भत्ता आदि पाने के हकदार होंगे ।

(8) मूल्यांकन समिति द्वारा लिए गए निर्णय सभी दृष्टियों से अंतिम और मान्य होंगे तथा उनके संबंध में किसी भी प्राधिकारी को अपील नहीं की जा सकेगी ।

(9) लेखक को पुरस्कार तभी दिया जाएगा जब मूल्यांकन समिति के सदस्य बहुमत से उसके/उनके नाम/नामों की सिफ़ारिश करेंगे ।

(10) महानिदेशक (पर्यटन) द्वारा मूल्यांकन समिति की सिफ़ारिशों को स्वीकार करने के पश्चात ही पुरस्कारों की घोषणा की जाएगी ।

8. पुरस्कारों की घोषणा के बारे में पुरस्कृत लेखकों को लिखित रूप से सूचना भिजवाई जाएगी और इस आशय की सूचना समाचार-पत्र में प्रकाशित की जाएगी ।

9. यदि कोई पांडुलिपि किसी पुरस्कार योग्य समझी जाती है तो उस पर आधा पुरस्कार ही लेखक को दिया जाएगा और शेष आधा पुरस्कार पांडुलिपि को मुद्रित कराने पर तथा इस पुस्तक की 5 प्रतियां इस विभाग को प्रस्तुत करने पर स्वीकृत किया जाएगा ।

10. जिन पुस्तकों/पांडुलिपियों पर एक बार विचार हो चुकेगा उनको पुनः इस योजना में प्रविष्टि नहीं मिल सकेगी ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की प्रति सभी राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्रों और भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को भेजी जाए ।

यह भी आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को आम जानकारी के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित किया जाए ।

अशोक माहवा
महानिदेशक (पर्यटन)

जल संसाधन मंत्रालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 जुलाई, 1995

संकल्प

सं० 44/2/95 स्था० 1—केन्द्रीय जल आयोग, जो इस मंत्रालय का एक संबद्ध कार्यालय है, को जल संसाधन विकास के क्षेत्र में देश में शीर्ष तकनीकी संगठन के रूप में केन्द्रीय जल मार्गों, सिंचाई विभाग और नौवहन आयोग के नाम से वर्ष 1945 में गठित किया गया था । तब से, आयोग में इसके नाम सहित अनेक परिवर्तन हुए हैं। केन्द्रीय जल आयोग के मुख्य उत्तरदायित्वों में से एक उत्तरदायित्व पूरे देश में सिंचाई, बाढ़ प्रबन्ध, नौवहन और जल विद्युत उत्पादन के प्रयोजन के लिए जल संसाधनों के मूल्यांकन संरक्षण, नियंत्रण और उपयोग की योजनाओं को संबंधित राज्य सरकारों के

परामर्श से शुरू व समन्वित करना है। यह अपेक्षित आधार पर किसी ऐसी योजनाओं का अन्वेषण, अभिकल्प, निर्माण और क्रियान्वयन का कार्य भी करता है। राज्य सरकारों द्वारा तैयार की गई परियोजना रिपोर्टों की तकनीकी आर्थिक दृष्टि से जांच केन्द्रीय जल आयोग में की जाती है। राज्यों को समय-समय पर तकनीकी मार्ग निर्देश और सुझाव भी दिए जाते हैं।

2. भारत सरकार ने पिछले कई दशकों में हुई उपलब्धियों और प्रगति में केन्द्रीय जल आयोग की भूमिका, लक्ष्यों, कार्यों और उत्तरदायित्वों की समीक्षा करने और भावी चुनौतियों व आवश्यकताओं को देखते हुए परिवर्तनों का सुझाव देने के लिए एक समिति गठित करने का निर्णय लिया है जिससे सुनिश्चित रूप से केन्द्रीय जल आयोग के कार्यों की समीक्षा व पुर्नसंरचना की जा सके, और इसे अपने उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उचित रुप से सज्जित है।

3. समिति में निम्नलिखित शामिल होंगे :

1. जल संसाधन राज्य मंत्री	—अध्यक्ष
2. सचिव, जल संसाधन मंत्रालय।	—सदस्य
3. अपर सचिव, जल संसाधन मंत्रालय।	—सदस्य
4. अध्यक्ष केन्द्रीय जल आयोग।	—सदस्य
5. से 9. सचिव, जल संसाधन/सिंचाई विभाग, आन्ध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पंजाब, और मध्य प्रदेश सरकार।	—सदस्य
10. से 12. सचिव, जल संसाधन/सिंचाई विभाग, असम/मेघालय/ मणिपुर सरकार।	—सदस्य
13. आई० आई० टी० के प्रतिनिधि, नई दिल्ली।	—सदस्य
14. सलाहकार (सि ब क्षे मि) योजना आयोग।	सदस्य
15. वित्त सलाहकार, जल संसाधन मंत्रालय।	—सदस्य
16. श्री आर० बी० शाह, भूतपूर्व अध्यक्ष, केन्द्रीय जल आयोग।	—सदस्य
17. श्री रामास्वामी आर० अय्यर, भूतपूर्व सचिव, जल संसाधन मंत्रालय तथा संकाय सदस्य, नीति अनुसंधान केन्द्र, नई दिल्ली।	—सदस्य
18. मुख्य इंजीनियर (एच० आर० एम०), केन्द्रीय जल आयोग।	सदस्य सचिव
19. श्री जे० पी० बौदलैर, प्रधान सिंचाई इंजीनियर, विश्व बैंक, नई दिल्ली।	—विशेष आमंत्रित

समिति यदि अनावश्यक समझती है तो वह अपने विचार विमर्श के समय किसी अन्य सदस्य को सहयोजित कर सकती है।

4. समिति के विचारार्थ विषय निम्नलिखित होंगे :

(क) केन्द्रीय जल आयोग के विद्यमान उद्देश्यों और कार्यों की समीक्षा करना।

(ख) भविष्य में, केन्द्र और राज्य दोनों क्षेत्रों में जल संसाधन विकास में केन्द्रीय जल आयोग की भूमिका की समीक्षा करना।

(ग) समग्र जल संसाधन विकास के संदर्भ में उन क्षेत्रों का पता लगाना जहां केन्द्रीय जल आयोग की भूमिका में आशोधन किया जा सके।

(घ) केन्द्रीय जल इंजीनियरी (समूह-क) सेवा के हाल की समग्र समीक्षा के संदर्भ में उक्त की समीक्षा करना और जहां कहीं आवश्यक हो, वहां क्रियान्वयन के लिए पुनः संरचना एवं दिशा-निर्देशों के प्रस्ताव की सिफ़ारिश करना।

(ङ) जल संसाधनों के पूर्ण विकास के लिए केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड के साथ गहन समन्वय सुनिश्चत करने के लिए उपायों की सिफ़ारिश करना।

(च) आवश्यक उपस्करों के साथ आन्तरिक कार्यों के लिए आधुनिक प्रबन्ध प्रणाली की सिफारिश करना।

(छ) इस विषय के प्रसंग में किसी अन्य मुद्दे पर विचार करना।

5. समिति अपने गठन के दो महीने की अवधि के अन्दर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

6. केन्द्रीय जल आयोग सभी तर्कसंगत सहयोग और ऐसी अन्य सहायता जो आवश्यक हो, प्रदान करेगा।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की सामान्य सूचना के लिए भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए।

राजेन्द्र मिश्र,
अवर सचिव

LOK SABHA SECRETARIAT

New Delhi-110001, the 23rd August 1995

No. 4/1-PU/95.—Shri Ayub Khan, member of Lok Sabha has been elected as member of the Committee on Public Undertakings with effect from 17 August. 1995 for the unexpired portion of the term of the Committee *vice* Shri Vilas Muttemwar resigned from the Committee.

SMT. P. K. SANDHU,
Director

New Delhi, the 14th August 1995

